# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

## Annual Fest 'SPANDAN-2023'

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 27-02-2023**

# हकेवि वार्षिकोत्सव स्पंदन 2023 की ट्राफी रही हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के नाम

- दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का हुआ समापन
- समापन सत्र में गजेंद्र फोगाट ने बढ़ाया कलाकारों का हौसला

नीरज कौशिक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में दो दिनों तक चले वार्षिकोत्सव स्पंदन 2023 की ट्रॉफी इस बार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के नाम रही। दो दिनों तक चले इस आयोजन में डांस, म्यूजिक, फाइन आर्ट, साहित्यिक कार्यक्रम व थियेटर की 5 श्रेणियों के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। इन प्रतियोगिताओं में न सिर्फ विश्वविद्यालय बल्कि अन्य शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन सत्र हरियाणी कलाकार गजेंद्र फोगाट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने जमकर समां बांधा। आयोजन के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के नतीजे घोषित किए गए।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार से ट्रॉफी लेते हकेवि के विद्यार्थी। आज समाज





समापन अवसर पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते हरियाणवी कलाकार गजेन्द्र फोगाट। आज समाज

**डांस श्रेणी :** फोक/ट्राइबल डांस में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय पहले, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय दूसरे तथा चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की टीम ने तीसरे स्थान पर रहीं। क्लासिकल डांस में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने बाजी मारी।

**म्यूजिक श्रेणी :** लाइट म्यूजिक वोकल व वेस्टर्न वोकल सोलो में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने पहला तथा एमडीयू, फरीदाबाद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं भारतीय समूहगान में एमडीयू, फरीदाबाद ने पहला, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने दूसरा स्थान तथा चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय ने तीसरा स्थान हासिल किया। वेस्टर्न समूहगान व हरियाणवी/ओरकेस्ट्रा में एमडीयू, फरीदाबाद ने पहला तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

**फाइन आर्ट श्रेणी :** ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने प्रथम, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ने द्वितीय तथा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने प्रथम, एमडीयू, फरीदाबाद ने द्वितीय तथा लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कोलाज मेकिंग में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने प्रथम, फरीदाबाद ने द्वितीय तथा चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने प्रथम, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने द्वितीय तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी में एमडीयू, फरीदाबाद ने प्रथम, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने द्वितीय तथा इंदिरा गांधी मीरपुर विश्वविद्यालय ने तृतीय स्थान हासिल किया।

**साहित्यिक कार्यक्रम :** हिंदी कविता पाठ में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रथम, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय तथा वैश्य कॉलेज, सीबीएलयू व इंदिरा गांधी **विश्वविद्यालय मीरपुर तृतीय**

अंग्रेजी कविता पाठ में एमडीयू, फरीदाबाद प्रथम, वैश्य कॉलेज, सीबीएलयू द्वितीय तथा इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर तृतीय

वाद-विवाद प्रतियोगिता में एमडीयू, फरीदाबाद प्रथम तथा हरियाणा केंद्रीय **विश्वविद्यालय द्वितीय** भाषण प्रतियोगिता में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रथम, एमडीयू, फरीदाबाद द्वितीय तथा वैश्य कॉलेज, **सीबीएलयू तृतीय**

**थियेटर :** स्किट व मिमिकरी में वैश्य कॉलेज, सीबीएलयू प्रथम, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वितीय तथा इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर तृतीय माइम में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय प्रथम, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वितीय तथा वैश्य कॉलेज, सीबीएलयू तृतीय।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 27-02-2023**

# हकेंवि ने अपने आपको हर मोर्चे पर किया साबित : कौशल किशोर

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में वार्षिकोत्सव का समापन**

## 11 शिक्षकों को फैकल्टी रिसर्च और 8 विद्यार्थियों को स्टूडेंट रिसर्च अवॉर्ड से किया गया सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में स्थापना के 14 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के प्रातः कालीन पुरस्कार वितरण सत्र में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शाम को समापन सत्र में हरियाणवी लोक कलाकार गजेंद्र फोगाट ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सिर्फ शैक्षणिक मोर्चे पर बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, खेलकूद आदि के मोर्चे पर भी अपने आप को साबित किया है। विश्वविद्यालय ने स्थापना के कम समय में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति अर्जित की है।कहा कि आज समय है कि विद्यार्थी साक्षर ही नहीं बल्कि शिक्षित बने और इसके लिए जरूरी है कि हम सभी मिलकर नशे की लत से दूरी बनाएं।

आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए जरूरी है कि हमारी युवा पीढ़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिखाए गए नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान दें और न खुद इससे दूर रहें बल्कि दूसरों को भी नशे से बचाने का संकल्प लें।



हकेंवि में विद्यार्थियों को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर। संवाद



अतिथियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

### कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने गिनाईं विश्वविद्यालय की उपलब्धियां

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित विभिन्न उपलब्धियों के माध्यम से समूची विकास यात्रा का स्मरण किया और भविष्य की कार्ययोजना पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे हमने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्णित कौशल विकास को महत्त्व देते हुए शैक्षणिक बदलावों की दिशा में प्रयास किए हैं और सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए प्रगति के लिए निरंतर अग्रसर हैं। उन्होंने शोध व नवाचार के स्तर पर सामाजिक उपयोगिता को महत्त्व देने की बात कही और इस दिशा में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों व शिक्षणेतर कर्मचारियों के योगदान को महत्त्वपूर्ण बताया। इससे पूर्व में विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन की निदेशक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने वंडर्स ऑफ इनोवेशन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी कोशिश है कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों के शोध, नवाचार की संस्कृति का विकास हो।

### कला-संस्कृति का नशा सबसे अच्छा

समापन सत्र में उपस्थित गजेंद्र फोगाट ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कला-संस्कृति का नशा सबसे अच्छा है और विश्वविद्यालय स्तर पर इस तरह के आयोजन यकीनन सराहनीय है। अंतिम दिन आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. सारिका शर्मा ने विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों, आउटसोर्स कर्मचारियों व पहली बार विद्यार्थियों के लिए शुरु किए गए पुरस्कारों की जानकारी दी। पुरस्कार वितरण समारोह में 11 शिक्षकों को फैकल्टी रिसर्च अवार्ड, 8 विद्यार्थियों को स्टूडेंट रिसर्च अवार्ड, 6 शिक्षणेतर कर्मचारियों को बेस्ट परफोर्मेंस अवार्ड तथा 9 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों व 2 सुरक्षाकर्मियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रो. आनंद शर्मा, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. रेनु यादव, डॉ. आरती यादव, विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

### शिक्षणेतर व आउटसोर्स में इनको किया सम्मानित

डॉ. रजत यादव, शैलेंद्र सिंह, संदीप, अजित सिंह, रविंद्र कुमार व संदीप को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बेस्ट स्टूडेंट रिसर्चर (पब्लिकेशन) अवार्ड इंजी. अक्षतकांत, मृणाल, शरोल, सेबस्टियन, मंजीत कुमार, सविता व राधा को तथा बेस्ट स्टूडेंट रिसर्चर (इंवेंटर) अवार्ड अक्षत कांत, अंकिता यादव व मनाली चक्रवर्ती को प्रदान किया गया। वहीं आउटसोर्स कर्मचारियों की श्रेणी सीताराम, विजयपाल सिंह, सुश्री सुशीला, धीरज, मनोज कुमार, आशीष, अमित कुमार, देवेंद्र, विकास, अनिल कुमार, व वीर सिंह को सम्मानित किया गया।

### हकेंवि वार्षिक पुरस्कार 2023 की सूची

शैक्षणिक श्रेणी बेस्ट रिसर्चर पब्लिकेशन (साइंस एंड इंजीनियरिंग) अवॉर्ड प्रो. हरीश कुमार

बेस्ट रिसर्चर पब्लिकेशन (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. चंचल कुमार शर्मा

बेस्ट रिसर्चर इम्पेक्ट (साइंस एंड इंजीनियरिंग) डॉ. एजाज अंसारी

बेस्ट रिसर्चर इम्पेक्ट (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) डॉ. अजय कुमार

बेस्ट रिसर्चर एच इंडेक्स (साइंस एंड इंजीनियरिंग) प्रो. नीलम सांगवान

बेस्ट रिसर्चर एच इंडेक्स (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. रंजन अनेजा

बेस्ट रिसर्चर प्रोजेक्ट (साइंस एंड इंजीनियरिंग) प्रो. पवन कुमार मौर्य

बेस्ट रिसर्चर प्रोजेक्ट (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. सारिका शर्मा

बेस्ट रिसर्चर इंवेंटर डॉ. सविता बुधवार

बेस्ट रिसर्चर इंवेंटर प्रो. सुनील कुमार।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 27-02-2023**

# 'केवल साक्षर नहीं बल्कि शिक्षित बने विद्यार्थी'

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना के चौदह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के प्रातःकालीन पुरस्कार वितरण सत्र में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, जबकि सायंकालीन समापन सत्र की शोभा हरियाणवी लोक कलाकार गजेंद्र फोगाट ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सिर्फ शैक्षणिक मोर्चे पर ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, खेलकूद आदि के मोर्चे पर भी अपने आप को साबित किया है। विश्वविद्यालय ने स्थापना के इतने कम समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति अर्जित की है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज समय है कि विद्यार्थी केवल साक्षर नहीं, बल्कि शिक्षित बने और इसके लिए जरूरी है कि नशे से दूरी बनाएं। इस मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत पांच प्रण में एक भारतीय संस्कृति एवं विरासत से प्रेम का उल्लेख किया और विश्वविद्यालय में प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों को इस कोशिश में महत्वपूर्ण बताया। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने अपने संबोधन में पाकिस्तान की दुर्दशा और भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए भारतीय शिक्षा व्यवस्था की जमकर सराहना की। उन्होंने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रगति पर हर्ष व्यक्त करते हुए इस विकास यात्रा में कुलपति व विश्वविद्यालय परिवार को हरसंभव सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित विभिन्न उपलब्धियों के माध्यम से समूची विकास यात्रा का स्मरण किया और भविष्य की कार्ययोजना पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर उन्होंने शोध व नवाचार के स्तर पर सामाजिक उपयोगिता को महत्त्व देने की बात कही और इस दिशा में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों व शिक्षणेतर कर्मचारियों के योगदान को महत्त्वपूर्ण बताया। इससे पूर्व में विश्वविद्यालय के सेंटर फार इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन की निदेशक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने वंडर्स आफ इनोवेशन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी कोशिश है कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के शोध व नवाचार की संस्कृति का विकास हो। कार्यक्रम के समापन सत्र में उपस्थित विशिष्ट अतिथि गजेंद्र फोगाट ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। गजेंद्र फोगाट ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व वार्षिकोत्सव आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि अवश्य ही उनकी कोशिश युवाओं के टेलेंट को आगे लाने में मददगार साबित होगी।



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्थापना समारोह में केंद्रीय मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● हकेंवि

## हकेंवि वार्षिक पुरस्कार 2023 की सूची

**शैक्षणिक श्रेणी**

- बेस्ट रिसर्चर पब्लिकेशन (साइंस एंड इंजीनियरिंग) अवार्ड प्रो. हरीश कुमार
- बेस्ट रिसर्चर पब्लिकेशन (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. चंचल कुमार शर्मा
- बेस्ट रिसर्चर इम्पेक्ट (साइंस एंड इंजीनियरिंग) डॉ. एजाज अंसारी
- बेस्ट रिसर्चर इम्पेक्ट (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) डॉ. अजय कुमार
- बेस्ट रिसर्चर एच इंडेक्स (साइंस एंड इंजीनियरिंग) प्रो. नीलम सांगवान
- बेस्ट रिसर्चर एच इंडेक्स (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. रंजन अनेजा
- बेस्ट रिसर्चर प्रोजेक्ट (साइंस एंड इंजीनियरिंग) प्रो. पवन कुमार मौर्य
- बेस्ट रिसर्चर प्रोजेक्ट (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. सारिका शर्मा
- बेस्ट रिसर्चर इंवेंटर डा. सविता बुधवार
- बेस्ट रिसर्चर इंवेंटर प्रो. सुनील कुमार
- बेस्ट रिसर्चर कोलबरेशन डा. नितिन गोयल

**शिक्षणेतर श्रेणी**

- डा. रजत यादव, शैलेंद्र सिंह, संदीप, अजित सिंह, रविंद्र कुमार व संदीप

**विद्यार्थियों की श्रेणी**

बेस्ट स्टूडेंट रिसर्चर (पब्लिकेशन) अवार्ड इंजी. अक्षत कांत, मृणाल, शरोल, सेबस्टियन, मंजीत कुमार, सविता व राधा को तथा बेस्ट स्टूडेंट रिसर्चर (इंवेंटर) अवार्ड अक्षत कांत, अंकिता यादव व मनाली चक्रवर्ती को प्रदान किया गया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 27-02-2023**

# हकेवि में दिखा भारतीय कला-संस्कृति का बेजोड़ संगम

## वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, समापन सत्र की शोभा गजेंद्र फोगाट ने बढ़ाई

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हकेवि महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना के 14 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के प्रातःकालीन पुरस्कार वितरण सत्र में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही। जबकि सायंकालीन समापन सत्र की शोभा हरियाणवी लोक कलाकार गजेंद्र फोगाट ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




हकेवि के वार्षिकोत्सव में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर को सम्मानित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सिर्फ शैक्षणिक मोर्चे पर ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, खेलकूद आदि के मोर्चे पर भी अपने आप को साबित किया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित विभिन्न उपलब्धियों के माध्यम से समूची विकास यात्रा का स्मरण किया और भविष्य की कार्ययोजना पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के समापन सत्र में उपस्थित विशिष्ट अतिथि गजेंद्र फोगाट ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कला-संस्कृति का नशा सबसे अच्छा है और विश्वविद्यालय स्तर पर इस तरह के आयोजन यकीनन सराहनीय है। गजेंद्र फोगाट ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व वार्षिकोत्सव आयोजन समिति की सराहना की। विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस के अंतिम दिन आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. सारिका शर्मा ने विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों, आउटसोर्स कर्मचारियों व पहली बार विद्यार्थियों के लिए शुरु किए गए पुरस्कारों की जानकारी दी। इस पुरस्कार वितरण समारोह में 11 शिक्षकों को फैकल्टी रिसर्च अवार्ड, 8 विद्यार्थियों को स्टूडेंट रिसर्च अवार्ड, 6 शिक्षणेतर कर्मचारियों को बेस्ट परफोर्मेंस अवार्ड तथा 9 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों व 2 सुरक्षाकर्मियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. रेनु यादव व कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरती यादव सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।



### हकेवि वार्षिक पुरस्कार 2023 की सूची

शैक्षणिक श्रेणी बेस्ट रिसर्चर पब्लिकेशन (साइंस एंड इंजीनियरिंग) अवॉर्ड प्रो. हरीश कुमार
बेस्ट रिसर्चर पब्लिकेशन (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. चंचल कुमार शर्मा
बेस्ट रिसर्चर इम्पेक्ट (साइंस एंड इंजीनियरिंग) डॉ. एजाज अंसारी
बेस्ट रिसर्चर इम्पेक्ट (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) डॉ. अजय कुमार
बेस्ट रिसर्चर एच इंडेक्स (साइंस एंड इंजीनियरिंग) प्रो. नीलम सांगवान
बेस्ट रिसर्चर एच इंडेक्स (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. रंजन अनेजा
बेस्ट रिसर्चर प्रोजेक्ट (साइंस एंड इंजीनियरिंग) प्रो. पवन कुमार मौर्य
बेस्ट रिसर्चर प्रोजेक्ट (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. सारिका शर्मा
बेस्ट रिसर्चर इंवेंटर डॉ. सविता बुधवार
बेस्ट रिसर्चर इंवेंटर प्रो. सुनील कुमार।

# हकेंवि के वार्षिकोत्सव में कला-संस्कृति का संगम

नारनौल, 26 फरवरी (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना के चौदह वर्ष पूरे पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन का रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम कला और संस्कृति का संगम था।

कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर। जबकि शाम को समापन सत्र की शोभा हरियाणवी लोक कलाकार गजेंद्र फोगाट भी मौजूद थे। कौशल किशोर ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सिर्फ शैक्षणिक मोर्चे पर ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, खेलकूद आदि के मोर्चे पर भी अपने आप को साबित किया है। विश्वविद्यालय ने स्थापना के इतने कम समय में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति अर्जित की है।


दैनिक ट्रिब्यून Mon, 27 February 2023
https://epaper.dainiktribune

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 27-02-2023**

## हकेंवि में देखने को मिला भारतीय कला-संस्कृति का बेजोड़ संगम

# कला-संस्कृति का नशा सबसे अच्छा: फोगाट

### मुख्यातिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर हुए शामिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय की स्थापना के चौदह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के प्रातःकालीन पुरस्कार वितरण सत्र में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि सायंकालीन समापन सत्र की शोभा हरियाणवी लोक कलाकार गजेंद्र फोगाट ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि कौशल किशोर ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सिर्फ शैक्षणिक मोर्चे पर ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, खेलकूद आदि के मोर्चे पर भी अपने आप को साबित किया है। विश्वविद्यालय ने स्थापना के इतने कम समय में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति अर्जित की है। उन्होंने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रगति पर हर्ष व्यक्त करते हुए इस विकास यात्रा में कुलपति व विश्वविद्यालय को हरसंभव सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि कैसे हमने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्णित कौशल विकास को महत्त्व देते हुए शैक्षणिक बदलावों की दिशा में प्रयास किए हैं और सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए प्रगति के लिए निरंतर अग्रसर हैं। इस मौके पर उन्होंने शोध व नवाचार के स्तर पर सामाजिक उपयोगिता को महत्व देने की बात कही और इस दिशा में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों व शिक्षणेतर कर्मचारियों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। विशिष्ट अतिथि गजेंद्र फोगाट ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कला-संस्कृति का नशा सबसे अच्छा है और विश्वविद्यालय स्तर पर इस तरह के आयोजन यकीनन सराहनीय है। गजेंद्र फोगाट ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व वार्षिकोत्सव आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि अवश्य ही उनकी कोशिश युवाओं के टैलेंट को आगे लाने में मददगार साबित होगी। कर्मचारियों को किया सम्मानित पुरस्कार वितरण समारोह में 11 शिक्षकों को फैकल्टी रिसर्च अवार्ड, 8 विद्यार्थियों को स्टूडेंट रिसर्च अवार्ड, छह शिक्षणेतर कर्मचारियों को बेस्ट परफोर्मेंस अवार्ड तथा नौ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों व दो सुरक्षाकर्मियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. रेनु यादव व कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरती यादव सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Jagat Kranti** **Date: 27-02-2023**

# हकेंवि में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का हुआ समापन




**महेन्द्रगढ़ (ईश्वर तिवारी):** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का रविवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के प्रातःकालीन पुरस्कार वितरण सत्र में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही जबकि सायंकालीन समापन सत्र की शोभा हरियाणवी लोक कलाकार गजेंद्र फोगाट ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सिर्फ शैक्षणिक मोर्चे पर ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, खेलकूद आदि के मोर्चे पर भी अपने आप को साबित किया है। आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए जरूरी है कि हमारी युवा पीढ़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिखाए गए नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने इस मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत पाँच प्रण में एक भारतीय संस्कृति एवं विरासत से प्रेम का उल्लेख किया और विश्वविद्यालय में प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों को इस कोशिश में महत्त्वपूर्ण बताया। श्री कौशल किशोर ने अपने संबोधन में पाकिस्तान की दुर्दशा और भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए भारतीय शिक्षा व्यवस्था की जमकर सराहना की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Oscar News** **Date: 27-02-2023**

# हकेवि में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का हुआ समापन

## -हकेवि में देखने को मिला भारतीय कला-संस्कृति का बेजोड़ संगम-मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर हुए शामिल-गजेंद्र फोगाट ने बढ़ाई समापन सत्र की शोभा

**महेंद्रगढ ऑस्कर न्यूज लाइन, मनोज गोयल गुडियानिया**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना के चौदह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के प्रातःकालीन पुरस्कार वितरण सत्र में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री कौशल किशोर मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही जबकि सायंकालीन समापन सत्र की शोभा हरियाणवी लोक कलाकार गजेंद्र फोगाट ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कौशल किशोर ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सिर्फ शैक्षणिक मोर्चे पर ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, खेलकूद आदि के मोर्चे पर भी अपने आप को साबित किया है। विश्वविद्यालय ने स्थापना के इतने कम समय में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति अर्जित की है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज समय है कि विद्यार्थी केवल साक्षर नहीं बल्कि शिक्षित बने और इसके लिए जरूरी है कि हम सभी मिलकर नशे की लत से दूरी बनाएं। आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए जरूरी है कि हमारी युवा पीढ़ी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिखाए गए नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान दें और न खुद इससे दूर रहें बल्कि दूसरों को भी नशे से बचाने का संकल्प लें। उन्होंने इस मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत पाँच प्रण में एक भारतीय संस्कृति एवं विरासत से प्रेम का उल्लेख किया और विश्वविद्यालय में प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों को इस कोशिश में महत्त्वपूर्ण बताया। श्री कौशल किशोर ने अपने संबोधन में पाकिस्तान की दुर्दशा और भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए भारतीय शिक्षा व्यवस्था की जमकर सराहना की। उन्होंने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रगति पर हर्ष व्यक्त करते हुए इस विकास यात्रा में कुलपति व विश्वविद्यालय परिवार को हरसंभव सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित विभिन्न उपलब्धियों के माध्यम से समूची विकास यात्रा का स्मरण किया और भविष्य की कार्ययोजना पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे हमने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्णित कौशल विकास को महत्त्व देते हुए शैक्षणिक बदलावों की दिशा में प्रयास किए हैं और सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए प्रगति के लिए निरंतर अग्रसर हैं। इस मौके पर उन्होंने शोध व नवाचार के स्तर पर सामाजिक उपयोगिता को महत्त्व देने की बात कही और इस दिशा में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों व शिक्षणेतर कर्मचारियों के योगदान को महत्त्वपूर्ण बताया। इससे पूर्व में विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन की निदेशक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने वंडर्स ऑफ इनोवेशन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी कोशिश है कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के शोध व नवाचार की संस्कृति का विकास हो। कार्यक्रम के समापन सत्र में उपस्थित विशिष्ट अतिथि गजेंद्र फोगाट ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कला-संस्कृति का नशा सबसे अच्छा है और विश्वविद्यालय स्तर पर इस तरह के आयोजन यकीनन सराहनीय है। गजेंद्र फोगाट ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व वार्षिकोत्सव आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि अवश्य ही उनकी कोशिश युवाओं के टेलेंट को आगे लाने में मददगार साबित होगी। विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस के अंतिम दिन आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. सारिका शर्मा ने विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों, आउटसोर्स कर्मचारियों व पहली बार विद्यार्थियों के लिए शुरू किए गए पुरस्कारों की जानकारी दी।



# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 27-02-2023**

## दो दिवसीय वार्षिकोत्सव स्पंदन का समापन

# हकेंवि में देखने को मिला भारतीय कला-संस्कृति का 'बेजोड़ संगम'

- मुख्यातिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर हुए शामिल
- गजेंद्र फोगाट ने बढ़ाई समापन सत्र की शोभा



हकेंवि के वार्षिकोत्सव के अवसर पर संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।



हकेंवि के वार्षिकोत्सव के अवसर पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर को सम्मानित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

महेंद्रगढ़, 26 फरवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना के 14 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित 2 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन का रविवार को समापन हो गया।

कार्यक्रम के प्रात:कालीन पुरस्कार वितरण सत्र में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर मुख्यातिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही जबकि सायंकालीन समापन सत्र की शोभा हरियाणवी लोक कलाकार गजेंद्र फोगाट ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बढ़ाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि कौशल किशोर ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सिर्फ शैक्षणिक मोर्चे पर ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, खेलकूद आदि के मोर्चे पर भी अपने आपको साबित किया है।

विश्वविद्यालय ने स्थापना के इतने कम समय में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति अर्जित की है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज समय है कि विद्यार्थी केवल साक्षर नहीं बल्कि शिक्षित बने और इसके लिए जरूरी है कि हम सभी मिलकर नशे की लत से दूरी बनाएं। आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए जरूरी है कि हमारी युवा पीढ़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिखाए गए नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान दें और न खुद इससे दूर रहें बल्कि दूसरों को भी नशे से बचाने का संकल्प लें।

उन्होंने इस मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत 5 प्रण में एक भारतीय संस्कृति एवं विरासत से प्रेम का उल्लेख किया और विश्वविद्यालय में प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों को इस कोशिश में महत्वपूर्ण बताया। कौशल किशोर ने अपने संबोधन में पाकिस्तान की दुर्दशा और भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए भारतीय शिक्षा व्यवस्था की जमकर सराहना की। उन्होंने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रगति पर हर्ष व्यक्त करते हुए इस विकास यात्रा में कुलपति व विश्वविद्यालय परिवार को हरसंभव सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित विभिन्न उपलब्धियों के माध्यम से समूची विकास यात्रा का स्मरण किया और भविष्य की कार्ययोजना पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे हमने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्णित कौशल विकास को महत्व देते हुए शैक्षणिक बदलावों की दिशा में प्रयास किए हैं और सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए प्रगति के लिए निरंतर अग्रसर हैं।

इससे पूर्व में विश्वविद्यालय के सैंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन की निदेशक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने वंडर्स ऑफ इनोवेशन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी कोशिश है कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के शोध व नवाचार की संस्कृति का विकास हो।

कार्यक्रम के समापन सत्र में उपस्थित विशिष्ट अतिथि गजेंद्र फोगाट ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कला-संस्कृति का नशा सबसे अच्छा है और विश्वविद्यालय स्तर पर इस तरह के आयोजन यकीनन सराहनीय है।

इस पुरस्कार वितरण समारोह में 11 शिक्षकों को फैकल्टी रिसर्च अवार्ड, 8 विद्यार्थियों को स्टूडैंट रिसर्च अवार्ड, 6 शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को बैस्ट परफॉर्मैंस अवार्ड तथा 9 आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों व 2 सुरक्षाकर्मियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### हकेंवि वार्षिक पुरस्कार 2023 की सूची

**शैक्षणिक श्रेणी**

- बैस्ट रिसर्चर पब्लिकेशन (साइंस एंड इंजीनियरिंग) अवार्ड प्रो. हरीश कुमार
- बैस्ट रिसर्चर पब्लिकेशन (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. चंचल कुमार शर्मा
- बैस्ट रिसर्चर इम्पैक्ट (साइंस एंड इंजीनियरिंग) डॉ. एजाज अंसारी
- बैस्ट रिसर्चर इम्पैक्ट (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) डॉ. अजय कुमार
- बैस्ट रिसर्चर एच इंडेक्स (साइंस एंड इंजीनियरिंग) प्रो. नीलम सांगवान
- बैस्ट रिसर्चर एच इंडेक्स (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. रंजन अनेजा
- बैस्ट रिसर्चर प्रोजैक्ट (साइंस एंड इंजीनियरिंग) प्रो. पवन कुमार मौर्य
- बैस्ट रिसर्चर प्रोजैक्ट (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. सारिका शर्मा
- बैस्ट रिसर्चर इंवैंटर डॉ. सविता
- बैस्ट रिसर्चर इंवैंटर प्रो. सुनील कुमार
- बैस्ट रिसर्चर कोलबरेशन डॉ. नितिन गोयल

**शिक्षणेतर श्रेणी**

- डॉ. रजत यादव, शैलेंद्र सिंह, संदीप, अजित सिंह, रविंद्र कुमार व संदीप।

**विद्यार्थियों की श्रेणी**

- बैस्ट स्टूडैंट रिसर्चर (पब्लिकेशन) अवार्ड इंजी. अक्षत कांत, मृणाल, शरोल, सेबस्टियन, मंजीत कुमार, सविता व राधा को तथा बैस्ट स्टूडैंट रिसर्चर (इंवैंटर) अवार्ड अक्षत कांत, अंकिता यादव व मनाली चक्रवर्ती को प्रदान किया गया।

**आऊटसोर्स कर्मचारियों की श्रेणी**

- सीताराम, विजयपाल सिंह, सुश्री सुशीला, धीरज, मनोज कुमार, आशीष, अमित कुमार, देवेंद्र, विकास, अनिल कुमार, व वीर सिंह को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari (Rewari)** **Date: 27-02-2023**

# हकेवि में देखने को मिला भारतीय कला-संस्कृति का बेजोड़ संगम

**महेंद्रगढ़,** महेश गुप्ता (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना के चौदह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के प्रातःकालीन पुरस्कार वितरण सत्र में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री कौशल किशोर मुख्यातिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही जबकि सायंकालीन समापन सत्र की शोभा हरियाणवी लोक कलाकार गजेंद्र फोगाट ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




हकेवि के वार्षिकोत्सव के अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री कौशल किशोर को सम्मानित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। (छायाः पंजाब केसरी)

कार्यक्रम के मुख्यातिथि कौशल किशोर ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सिर्फ शैक्षणिक मोर्चे पर ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, खेलकूद आदि के मोर्चे पर भी अपने आप को साबित किया है। विश्वविद्यालय ने स्थापना के इतने कम समय में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति अर्जित की है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज समय है कि विद्यार्थी केवल साक्षर नहीं बल्कि शिक्षित बने और इसके लिए जरूरी है कि हम सभी मिलकर नशे की लत से दूरी बनाएं। आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए जरूरी है कि हमारी युवा पीढ़ी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिखाए गए नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान दें और न खुद इससे दूर रहें बल्कि दूसरों को भी नशे से बचाने का संकल्प लें। उन्होंने इस मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत पांच प्रण में एक भारतीय संस्कृति एवं विरासत से प्रेम का उल्लेख किया और विश्वविद्यालय में प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों को इस कोशिश में महत्त्वपूर्ण बताया। श्री कौशल किशोर ने अपने संबोधन में पाकिस्तान की दुर्दशा और भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए भारतीय शिक्षा व्यवस्था की जमकर सराहना की। उन्होंने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रगति पर हर्ष व्यक्त करते हुए इस विकास यात्रा में कुलपति व विश्वविद्यालय परिवार को हरसंभव सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Rashtriya Sahara** **Date: 27-02-2023**

# विद्यार्थी केवल साक्षर नहीं बल्कि शिक्षित बनें : किशोर

**महेंद्रगढ़/ नारनौल (एसएनबी)।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना के चौदह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के प्रातःकालीन पुरस्कार वितरण सत्र में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर मुख्यातिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही, जबकि सायंकालीन समापन सत्र की शोभा

## हकेवि में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न

हरियाणवी लोक कलाकार गजेंद्र फोगाट ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि कौशल किशोर ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सिर्फ शैक्षणिक मोर्चे पर ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, खेलकूद आदि के मोर्चे पर भी अपने आप को साबित किया है। विवि ने स्थापना के इतने कम समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति अर्जित की है। उन्होंने कहा कि आज समय है कि विद्यार्थी केवल साक्षर नहीं बल्कि शिक्षित बने और इसके लिए जरूरी है कि हम सभी मिलकर नशे की लत से दूरी बनाएं। आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए जरूरी है कि हमारी युवा पीढ़ी पीएम मोदी द्वारा दिखाए गए नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने इस मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत पांच प्रण में एक भारतीय संस्कृति एवं विरासत से प्रेम का उल्लेख किया और विश्वविद्यालय में प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्त्र मों को इस कोशिश में महत्त्वपूर्ण बताया। कौशल किशोर ने अपने संबोधन में पाकिस्तान की दुर्दशा और भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए भारतीय शिक्षा व्यवस्था की जमकर सराहना की। उन्होंने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रगति पर हर्ष व्यक्त करते हुए इस विकास यात्रा में कुलपति व विश्वविद्यालय परिवार को हरसंभव सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया।



हकेवि के वार्षिकोत्सव के अवसर पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर को सम्मानित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।